# कार्यालय नगर निगम कोटा उत्तर (राज0)

**नगर निगम के गैरिज अनुभाग में वाहनों के जिनियन स्पेयर पाट्र्स की आपूर्ति एवं अन्य कार्य हेतु निविदा की सामान्य शर्ते :–**

1. दरें कम्पनी की प्रचलित प्राईज लिस्ट के आधार पर अंकित करें । (कम/अधिक)
2. दरें समस्त कर सहित अंकित करनी होगी।
3. सफल संवदेक द्वारा कार्यादेश जारी होने से पूर्व वाहनों के स्पेयर पाट्र्स की बुकलेट गैरीज अनुभाग में जमा करानी होगी। जिसमें अंकित समस्त स्पेटर पाट्र्स (कम/अधिक) की दर 24 माह तक मान्य होगी।
4. टेण्डर स्वीकृत होने पर कम्पनी की प्रचलित प्राईज लिस्ट की प्रमाणित प्रति कार्यालय में देनी होगी ।
5. टेण्डर स्वीकृत करने व निरस्त करने का पूर्ण अधिकार नगर निगम कोटा उत्तर में निहित होगा ।
6. सशर्त टेण्डर मान्य नहीं होगा ।
7. निविदादाता स्पेयर पाट्र्स दुकान का भौतिक सत्यापन किया जावेगा।
8. कार्य पर रिस्क एण्ड कोस्ट नियम लागू होगा।
9. सामान्य एवं वित्त लेखानियमों एवं म्यूनिसिपल पर्चेज रूल्स लागू होंगे।
10. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के प्रावधान लागू होंगे।
11. आगामी वर्ष की A.R.C. फाईनल होने तक मान्य होगी।
12. निविदा कार्य आदेश जारी से 24 माह तक मान्य होगी।
13. निविदादाताओ को पंजीयन की कॉपी संलग्न करनी होगी।
14. संवेदक का नगर निगम, कोटा के किसी भी मेयर/पार्षद/ अधिकारी/कर्मचारी के परिवार का नहीं होने का शपथ–पत्र।
15. सफल संवेदक द्वारा अनुबन्ध नियमानुसार नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर करना होगा 7 दिवस के भीतर।
16. सफल संवेदक द्वारा 3 प्रतिशत प्रतिभूति राशि धरोहर राशि के अतिरिक्त जमा करानी होगी कार्यादेश जारी दिनांक से 7 दिवस के भीतर।
17. एक से अधिक संवेदकों के दरे समान रहने पर लॉटरी द्वारा निर्णय लिया जाएगा।
18. अधिकृत निर्माता/अधिकृत डीलर/अधिकृत विक्रेता को उसका प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।
19. धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस निगम की वेबसाईट पर जमा करानी होगी। जिसकी रसीद ऑनलाईन तकनीकी बिड में संवेदक द्वारा अपलोड करनी होगी। इसके अभाव में संवेदक को असफल कर दिया जाएगा। असफल संवेदक की सिर्फ धरोहर राशि लोटाई जावेगी। निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस (Non-Refundable) का वापस नहीं की जावेगी।
20. यदि किसी कारणवश निविदा खोले जाने की दिनांक को अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदा खोली जायेगी।
21. निविदा खोलने की तिथि को किसी कारण वश यदि सारी निविदाएं नहीं खोली जा सकती है तो उसके अगले कार्यदिवस शेष निविदाएं खोलने का कार्य जारी रखा जायेगा।
22. निविदादाता द्वारा गलत सूचना दिये जाने पर निविदा को किसी भी स्तर पर निरस्त किये जाने का अधिकार आयुक्त नगर निगम कोटा उत्तर को होगा ।
23. किसी भी निविदा कों बिना कारण बताये अस्वीकृत/स्वीकृत करने का अधिकार आयुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण को होगा।
24. संवेदक को निविदा में मांगे गये सभी दस्तावेज प्रस्तुत करने होगें। दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर संवेदक की तकनीकी बिड को निरस्त माना जावेगा।

25. संवेदक द्वारा प्रस्तुत तकनीकी बिड परीक्षण के पश्चात सफल होने पर संवेदक की वित्तिय बिड खोली जावेगी।
26. संवेदक द्वारा बन्द लिफाफे के अन्दर प्रोसेसिंग फीस, धरोहर राशि, निविदा शुल्क, शपथ पत्र एवं समस्त निविदा दस्तावेज आदि सील करने लिफाफे पर स्वंय के नाम पता अंकित कर गैरीज अनुभाग में स्वंय उपस्थित होकर कार्यालय समय पर जमा करवाने होगें।
27. टायर मय ट्यूब एवं बेट्री यदि वारन्टी अवधि में खराब हो जाती है या कोई अन्य समस्या मेन्यूफेक्चरिंग डिफेक्ट की वजह से आती है तो टायर मय ट्यूब व बेट्री को बदलना होगा। जिसका कोई अतिरिक्त व्यय निगम द्वारा देय नहीं होगा।
28. धरोहर राशि निम्न मामलों में जब्त करली जाएगी।
A. जब कार्य आदेश देने के बावजूद उल्लेखित समयावधि में कार्य आरम्भ करने में संवेदक असमथ रहता है।
B. बिडदाता निर्धारित अवधि में करार को सम्पादित नहीं करता है।
C. जब बिडदाता बिड खोलने के बाद किन्तु बिड के स्वीकार करने से पूर्व प्रस्ताव वापस ले लेता है।
D. बिड की शर्तो की पालना नहीं करता है।
29. संवेदक द्वारा निविदा के समस्त पृष्ठ पर अपने हस्ताक्षर मय मोहर लगाकर करने होगें।

नाम :– ................................................................. (संवेदक)
फर्म का नाम :– ...............................................................
पता :– ........................................................................................................................................
........................................................................................................................................
हस्ताक्षर संवेदक मय मोहर .......................................................................

उपायुक्त
नगर निगम कोटा उत्तर

# कार्यालय नगर निगम कोटा उत्तर

## तकनीकी निविदा प्रपत्र (कार्य संख्या 05)

कार्य का नाम : बेक हॉय लोडर टाटा/केस, स्कीड स्टीयर लोडर जेसीबी के जिनियन स्पेयर पार्टस की आपूर्ति कार्य।

फर्म का नाम : ..............................................................................................................................

| क्र.सं. | तकनीकी बिड़ के साथ निम्न दस्तावेज जो संलग्न करने है। | संलग्न हां/नहीं | संलग्न पेज सं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा शुल्क, धरोहर राशि एवं प्रोसेसिंग फीस के भुगतान निगम की वेबसाईट www.kotamc.org पर जाकर जमा करानी होगी। | | |
| 2 | निवास के लिये उपरोक्त में से कोई एक (आधार कार्ड/ड्राईविंग लाईसेन्स/मतदाता परिचय पत्र की स्वप्रमाणित प्रति। | | |
| 3 | वस्तु एवं सेवा कर (GST) | | |
| 4 | आयकर (पैन नम्बर) | | |
| 5 | संवदेक को विगत एक वर्ष में स्वयं की फर्म डी–बार/ब्लैक लिस्ट न होने का शपथ पत्र नोटेरी प्रमाणित (50/– रू0 नॉन ज्यूडिशियल) | | |
| 6 | संवेदक का नगर निगम, कोटा के किसी भी मेयर/पार्षद/ अधिकारी /कर्मचारी के परिवार से रक्त संबंध नहीं होने का शपथ–पत्र नोटेरी प्रमाणित। (50/– रू0 नॉन ज्यूडिशियल) | | |

हस्ताक्षर संवेदक

अधिशाषी अभियंता
नगर निगम, कोटा उत्तर

उपायुक्त
नगर निगम, कोटा उत्तर

# कार्यालय नगर निगम कोटा उत्तर (गैराज)

## वित्तिय निविदा प्रपत्र (कार्य सं.5)

कार्य का नाम : 2 वर्ष हेतु बेक हॉय लोडर टाटा/केस, स्कीड स्टीयर लोडर जेसीबी के जिनियन स्पेयर पार्टस की आपूर्ति कार्य।

राशि :- 15 लाख

| क्र.सं. | वस्तु/कार्य का नाम | तादाद | दर (कम्पनी की प्राईज लिस्ट अनुसार) |
|---|---|---|---|
| 1. | बेक हॉय लोडर टाटा/केस, स्कीड स्टीयर लोडर जेसीबी के जिनियन स्पेयर पार्टस की आपूर्ति कार्य। | आवश्यकतानुसार | .............................. |

मेरे द्वारा सलंग्न शर्तों/निर्देशों को भली भांति अध्यन कर लिया गया है और में उक्त शर्तों पर कार्य करने में सहमत हूँ एवं समस्त शर्तों का पालन करूगां/करूगीं।

**हस्ताक्षर व मोहर निविदादाता**